झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक:— रा0खा0आ0 (शिकायत) 10 / 2022— 681

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक :— 16 / 08 / 2022

विषय:— **खूँटी जिले के 116 PDS दुकानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं रहने से सम्बन्धित प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि दैनिक समाचार–पत्र ***"हिन्दुस्तान"*** में दिनांक–02.08.2022 को खूँटी जिले के 116 PDS दुकानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं रहने सम्बन्धी समाचार प्रकाशित हुई है। प्रकाशित समाचार के अनुसार खूँटी जिला के मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत लिलिकोटो गाँव के लोगों को 14 कि0मी0 की दूरी तय कर कोयंगसार के PDS वितरक के पास अनाज प्राप्त करने हेतु आना पड़ता है। इस दौरान ई–पॉश मशीन में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं रहने के कारण अंगूठा लगाने के दौरान कठिनाई का उल्लेख है।

अतः उपरोक्त प्रकाशित समाचार के कतरन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

अनुलग्नक:— यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/8/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx182

(49)

put up
4/8

645
01.08.22

05/08/22

हिन्दुस्तान
दिनांक-02-08-2022

खूंटी के 116 पीडीएस दुकानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं

खूंटी। मुरहू प्रखंड के अंतिम छोर पर बसे लिलिकोटो गांव के लोगों को पीडीएस से राशन लेना होता है, तब वे 14 किमी की दूरी तय कोयंगसार आते हैं। जहां डीलर एक ऊंचे स्थान पर पॉश मशीन लेकर बैठा रहता है। पह मशीन को इधर-उधर घुमाता है, तब कनेक्टिविटी मिल पाती है। जैसे ही कनेक्टिविटी मिलती है, वह बारी-बारी कार्डधारियों से अंगूठा लगवा लेता है। जब सबके अंगूठे लग जाते हैं, तब लोग उस ऊंचे स्थान से उतरकर कोयंगसार गांव में स्थित पीडीएस की दुकान में जाते हैं, जहां उन्हें बारी-बारी से राशन मिलता है। जिसके बाद उसे ढोकर कार्डधारी पुनः वापस 14 किमी दूर अपने गांव लीलीकोटो लौट जाते हैं। यह स्थिति सिर्फ, लीलीकोटो, कोयांगसार गांव की नहीं बल्कि जिले के 522 पीडीएस की दुकानों में से 116 दुकानों की है।